Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ बीकानेर में पावर ग्रिड का डीजीएम 90,000/— रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 15 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बीकानेर एसयू इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **देवेश कुमार सिंह डिप्टी जनरल मैनेजर पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इन्डिया लिमिटेड बीकानेर डिवीजन** को **90,000/—रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी बीकानेर एसयू को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की फर्म द्वारा बिजली लाईन बिछानी वाली जगह पर फांउडेशन एवं अर्थिंग वर्क के कार्य को सुचारू रूप से चलने देने के एवज में आरोपी देवेश कुमार सिंह डिप्टी जनरल मैनेजर द्वारा 1,00,000/— रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर सत्यापन करवाया गया तो 90,000/— रूपये देना तय किया गया।

जिस पर एसीबी बीकानेर रेन्ज के **उप महानिरीक्षक श्री नारायण टोगस** सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी बीकानेर एसयू के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष कुमार** के निर्देशन में आज श्री इन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक मय टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी देवेश कुमार सिंह हाल डिप्टी जनरल मैनेजर पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इन्डिया लिमिटेड बीकानेर डिवीजन को 90,000/— रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 94135—02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।